**1 SEM TDC HINH (CBCS) C 1**

**2019**

( December )

HINDI

( Core )

Paper : C–1

**( हिन्दी साहित्य का इतिहास : रीतिकाल तक )**

*Full Marks* : 80
*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) आदिकाल को चारणकाल किसने कहा है?

(ख) हिन्दी साहित्य का पहला इतिहास ग्रंथ किसने लिखा?

(ग) डॉ० नगेन्द्र ने भक्तिकाल की समय-सीमा क्या मानी है?

(घ) भक्ति-भावना का मूल स्रोत भारत के किस भाग में माना गया है?

(ङ) कृष्णभक्त कवियों के लिए उपजीव्य सामग्री कहाँ से प्राप्त हुई है?

(च) हिन्दी रामकाव्य के मुख्य प्रेरणा-स्रोत कौन थे?

(छ) आचार्य शुक्ल ने रीतिकाल का प्रवर्तक किसे माना है?

(ज) रीतिकाल में राष्ट्रीयता की भावना जगाने वाले कवि कौन थे?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) सिद्ध साहित्य का सामान्य परिचय दीजिए।

(ख) भक्तिकाल की धार्मिक परिस्थिति का मूल्यांकन कीजिए।

(ग) भ्रमरगीत परम्परा में सूर का स्थान निरूपित कीजिए।

(घ) रीतिमुक्त काव्यधारा पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) 'पृथ्वीराज रासो' की प्रामाणिकता पर प्रकाश डालिए।

**3.** हिन्दी साहित्य के इतिहास के काल-विभाजन और नामकरण पर विभिन्न विद्वानों द्वारा दिए गए मतों पर प्रकाश डालिए। 14

**अथवा**

आदिकाल का संक्षिप्त परिचय देते हुए आदिकाल के नाथ साहित्य का वर्णन कीजिए।

**4.** भक्तिकालीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 14

**अथवा**

भक्तिकाल की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।





**5.** सगुण भक्ति काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 14

**अथवा**

भक्तिकालीन साहित्य का परिचय देते हुए उसकी प्रमुख प्रवृत्तियों पर चर्चा कीजिए।

**6.** रीतिकालीन सामान्य परिस्थितियों की चर्चा करते हुए इस काल के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। 14

**अथवा**

रीतिबद्ध काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

★★★

Total No. of Printed Pages—3

**1 SEM TDC HINH (CBCS) C 2**

**2019**

( December )

HINDI

( Core )

Paper : C–2

**( हिन्दी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल )**

*Full Marks* : 80
*Pass Marks* : 32

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) आधुनिक काल का जनक किसे कहा जाता है?

(ख) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी के सम्पादन में निकलने वाली साहित्यिक पत्रिका का नाम लिखिए।

(ग) 'सेवासदन' के रचनाकार कौन हैं?

(घ) छायावाद के प्रथम स्तम्भ के रूप में किस कवि का नाम आता है?

(ङ) नकेनवाद के कवि कौन-कौन हैं?

(च) प्रथम 'तारसप्तक' का प्रकाशन कब हुआ था?

(छ) 'मैला आँचल' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं?

(ज) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी की पहली कहानी किसे माना है?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 4 = 16$

(क) आधुनिक काल की राजनीतिक परिस्थिति का परिचय दीजिए।

(ख) हिन्दी साहित्य के विकास में 'सरस्वती' पत्रिका के अवदान का उल्लेख कीजिए।

(ग) हिन्दी कहानी साहित्य की उपलब्धियों का सामान्य परिचय दीजिए।

(घ) संस्मरण और रेखाचित्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) हिन्दी भाषा के विकास में आर्यसमाज का क्या योगदान रहा है? वर्णन कीजिए।

(च) भारतेन्दुकालीन कवि एवं काव्यों का परिचय दीजिए।

**3.** आधुनिक काल के साहित्य को प्रभावित करने वाली पृष्ठभूमि का विस्तार से वर्णन कीजिए। 14

**अथवा**

भारतीय नवजागरण में अलग-अलग समाजों की क्या भूमिका रही है? वर्णन कीजिए।





**4.** द्विवेदीयुगीन हिन्दी साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 14

**अथवा**

प्रगतिवाद की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

**5.** हिन्दी उपन्यास साहित्य के उद्भव एवं विकास का सविस्तार वर्णन कीजिए। 14

**अथवा**

हिन्दी आलोचना की विकास-यात्रा पर एक सारगर्भित निबंध प्रस्तुत कीजिए।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $7 \times 2 = 14$

(क) रिपोर्ताज

(ख) जीवनी

(ग) आत्मकथा

★★★